मंडलायुक्त, डीएम ने मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

बस्ती। दीपावली पर्व और आगामी मूर्ति विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव, पुलिस महानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अमहट घाट स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल, जीआईसी मैदान और आईटीआई परिसर स्थित पटाखा बिक्री स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।अमहट घाट पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन के लिए प्रकाश, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विसर्जन स्थल पर सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूरा करने के निर्देश दिए। जीआईसी मैदान और आईटीआई परिसर में पटाखा बिक्री की व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा को



लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। निर्देश दिया कि दोनों बिक्री स्थलों पर पर्याप्त संख्या में अग्निशमन वाहन तैनात रहें। प्रत्येक दुकान के बाहर पानी और सूखी रेत से भरी तीन से चार बाल्टियां रखी जाएं। दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी हो तथा दुकान के अंदर ज्वलनशील सामग्री बिल्कुल न रखी जाए। अधिकारियों ने विद्युत सुरक्षा पर भी जोर दिया। कहा कि दुकानों में बिजली की फिटिंग सुरक्षित होनी चाहिए और कहीं भी खुले अथवा लटकते तार नहीं होने चाहिए। प्रत्येक दुकान का विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाए। सभी दुकानों पर श्यहां धूम्रपान करना सख्त मना हैश् का बोर्ड लगाया जाए। पटाखा बिक्री स्थलों पर एंबुलेंस की व्यवस्था रखने और प्रत्येक दुकान में प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर लगाने, जीआईसी मैदान के किनारे जमा कीचड़ हटवाने तथा बिक्री स्थलों पर शिफ्टवार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को भी कहा गया, ताकि पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त न्यायिक सुरेंद्र प्रसाद यादव, अपर जिलाधिकारी ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी जाय- जिलाधिकारी

बस्ती।, आगामी धनतेरष, दीपावली, भाईदूज, लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन एवं छठ पूजा त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में संपन्न हुई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सभी लोगों से मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की परंपरा को कायम रखने के लिए अपील किया गया। उन्होंने सभी नागरिकों को त्यौहार की बधाई देते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील किया।उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के लिए सभी घाट पर गोताखोर, नाव की आवश्यक व्यवस्था समय से कर ली जाय। इसके साथ प्रकाष की समुचित व्यवस्था सुनिष्चित की जाय।उन्होने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान समय का विषेष ध्यान रखा जाय। संवेदनषील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी जाय। उन्होने बताया कि लक्ष्मी प्रतिमा स्थापना सुरक्षित



स्थान पर करें ताकि ट्रैफिक बाधित न हो, आरती एवं पूजन के दौरान मुकम्मल सुरक्षा रखें ताकि आग लगने का खतरा न हो। इसके लिए आवष्यक उपकरण की पर्याप्त व्यवस्था रखें।मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देषित किया। उन्होने यह भी बताया कि कलेक्टेऊट कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसका मो. नं.-05542-247128 है। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उक्त नम्बर पर सूचना दें, उन्होने आम जनमानस से अपील किया कि उक्त डायवर्जन का पालन करें। अपर जिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जनपद में जीआईसी, आईटीआई, पाण्डेय स्कूल परिसर में पटाखों की दुकान लगेगी, शेष कुछ दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों में है। उन्होने कहा कि अनुमति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पष्चात् निर्धारित मानक के अनुसार पर्याप्त पानी, बालू, अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हों। दुकाने आबादी में न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाष भारती, अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कान्त, सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मानसी दहिया, सीएमओ डा. राजीव निगम, जिला विकास अधिकारी सुषील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनन्द कुमार गुप्ता, डीआईओएस संजय सिंह, सीवीओ डा. ए.के. गुप्ता, एआरटीओ धर्मेन्द्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, महादेवा के फूल चन्द्र श्रीवास्तव, पत्रकार जयन्त मिश्रा राघवेन्द्र मिश्र, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस, थाना अध्यक्ष तथा समिति के सदस्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर विशाल जनसभा एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

हर्रैया(बस्ती)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुरुवार को खम्हरिया चौराहे पर अखिल भारतीय कुर्मी महासभा और अपना दल कमेरावादी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल जनसभा एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज की एकजुटता का संदेश दिया गया। चिकित्सा शिविर में लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता डॉ. आलोक रंजन वर्मा, सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने संयुक्त में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल की पहचान के लिए हम सभी को अपने घरों में उनका फोटो लगाएं। यही सरदार पटेल की हमारी पहचान है। उनके नेतृत्व में बस्ती में विभिन्न स्थानों पर सरदार पटेल की प्रतिमा व गेट बनवाकर जिले की पहचान बनाई। डा.आलोक रंजन वर्मा ने कहा कि देश के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। सरदार पटेल का जीवन साहस, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने में भूमिका निभाने की अपील की। संदीप चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और उनके आदर्श आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम को



जिलाध्यक्ष रामभवन पटेल, राकेश वर्मा, अमरजीत चौधरी, शिवशंकर शाका, शिवा प्रताप वर्मा, भागीरथी पटेल, अनिल पटेल, रघुनाथ पटेल, बीडीसी शिवकेशरी, इंजीनियर चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। चिकित्सा शिविर में किलकारी हॉस्पिटल कप्तानगंज के डॉ. सीएम पटेल, एसएमएच गोटवा हॉस्पिटल के डॉ. वीके वर्मा सहित डॉक्टरों की टीम ने 300 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित किया। इस दौरान बस्ती जिले के प्रगतिशील किसानों अरविंद सिंह, राममूर्ति मिश्रा, आसाराम वर्मा, रामपूरन चौधरी, रामनयन यादव को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं धार्मिक फिल्म %हनुमान अंश% में किरदार निभाने वाले कप्तानगंज क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी दिलीप चौधरी को भी सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश वर्मा एवं संचालन अमिता आर्या ने किया। इस मौके पर चौधरी राहुल पटेल, अमित पटेल, अभय चौधरी, शिवराम पटेल, समर चौधरी, पूर्व प्रमुख परमहंस चौधरी, आकाश पटेल, संजय वर्मा, बसंत चौधरी, कुलदीप चौधरी, रामजनक गौतम, विनय वर्मा, प्रेम चौधरी, प्रधान चंदशेखर वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सेन्ट्रल एकेडमी में उल्लास से मनाया गया दीपावली का पर्व

बस्ती। सेन्ट्रल एकेडमी में दीपावली का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली, बनाकर दीये सजाये। निदेशक जे.पी तिवारी ने छात्रों को दीपावली पर्व के महत्व की जानकारी देते हुये कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य के विजय का संदेश है। यह उत्सव हमें अंधकार के विरूद्ध संघर्ष और प्रकाशित होने का संदेश देता है। सहायक निदेशक अनुज तिवारी, प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी ने छात्रों को दीपोत्सव के पंच पर्व की जानकारी देते हुये बताया कि यह उत्सव हमें जीवन के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने का संदेश देता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं राजश्री तिवारी, ज्योति, कान्हा, शिवाय, वेदांश, सात्विक, ऋचा, अरमान, अक्षय, अवनीश, दर्पण, अतुल, मानसी, रौनक, सृष्टि, आयुष, आदिश्री, खुशी, फरहान, शाश्वत, अभिज्ञान बाल्मीकि, अलका, आराध्या पाण्डेय, गरिमा पाण्डेय, अंजली, ऐंजल, मोहिनी, अलका, अदिति मिश्रा, दिव्यांशी, अन्वी, निशिका, गरिमा, मानसी, खुशी,



प्रियाशी, वेंदाश, देवांश, रवि, आरोही, रितिका, सौम्या, श्रेष्ठ, प्राजल, अंशी, श्रद्धा, सौम्या, अर्नव, उज्जवल, रितिक, पारूल, अक्षय, निधि, निषिता आदि ने रोचक रंगोली बनाकर दीये सजाने के साथ ही दिये बनाये। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढाया गया। मुख्य रूप से आबिद अरशद, सुधा गौड़, प्रियंका त्रिपाठी, रूचि, अतुल, इशिका, अंजली, रूबीना, मुदस्सर, रानी विश्वकर्मा, फिजा युनूस, फिजा अकरम आदि ने छात्रों को दीप पर्व की विस्तार से जानकारी दिया। निदेशक जे.पी. तिवारी ने दीप पर्व का उपहार भेंट किया।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड में पारंपरिक विधि-विधान के साथ बॉयलर पूजन संपन्न

रुधौली (बस्ती) बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इकाई रुधौली में आगामी पेराई सत्र 2026-2027 के शुभारंभ के उपलक्ष्य में पारंपरिक विधि-विधान के साथ बॉयलर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य यजमान अभियांत्रिकी प्रमुख श्री श्रवण कुमार की उपस्थिति में सुंदरकांड पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार, हवन व आरती के बाद बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर इकाई प्रमुख (शुगर) डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी, इकाई प्रमुख (आसवनी) श्री अजय कुमार अवस्थी, जोनल कोऑर्डिनेटर (मानव संसाधन) श्री नरेंद्र कुमार शुक्ल, उत्पादन प्रमुख श्री मनोज कुमार त्रिपाठी, गन्ना प्रमुख श्री लवकुश सिंह चैहान, लेखा प्रमुख श्री सुनील कुमार, अभियांत्रिकी प्रमुख (आसवनी) श्री अतुल कुमार झा, उत्पादन प्रमुख (आसवनी) श्री



मनीष झा और सीनियर गन्ना अधिकारी श्री बाल सिंधु पांडे गगन सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखते हुए इकाई प्रमुख (शुगर) डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि बॉयलर पूजन हमारे आगामी सत्र का महत्वपूर्ण चरण है और हमारी प्राथमिकता किसानों को समय पर पर्ची देना, सुगम तौल कराना तथा मिल का निर्बाध संचालन करना है, और सबके सहयोग से यह सत्र अत्यंत सफल रहेगा।इस अवसर पर जोनल कोऑर्डिनेटर (मानव संसाधन) श्री नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि यह पावन पर्व हमें पूरी निष्ठा, अनुशासन और ऊर्जा के साथ आगामी सत्र की जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा देता है क्योंकि मिल प्रबंधन कर्मचारियों और किसानों के हित के लिए सदैव कटिबद्ध है।इसी क्रम में सीनियर गन्ना अधिकारी श्री बाल सिंधु पांडे गगन ने कहा कि गन्ना विभाग की ओर से हम किसानों को आश्वस्त करते हैं कि मिल उनकी फसल की सुगम आपूर्ति और समयबद्ध तौल के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि किसानों की समृद्धि ही हमारी असली ताकत है।

सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण

बस्ती। जिलाधिकारी के निर्देष के क्रम में जनपद के किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देष्य से उप कृषि निदेषक, जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा विभिन्न उर्वरक बिक्री केन्द्रों जिसमें मुख्य रूप से सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न केन्द्रों पर उर्वरक की उपलब्धता और वितरण का अवलोकन किया गया। कृषक सेवा सहकारी केन्द्र कलवारी में मौके पर 131.65 मी. टन (2633 बोरी) यूरिया तथा 12.65 मी. टन (269 बोरी) डीएपी उपलब्ध पायी गयी। बहु-उद्देषिय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति कलवारी में मौके पर 22.5 मी. टन (500 बोरी) यूरिया का स्टाक पाया गया।बी.फैक्स महसों में निरीक्षण के दौरान 116 बोरी यूरिया एवं 110 बोरी डीएपी का वितरण 40 किसानों को किया जाना पाया गया। इसके अतिरिक्त 25 बोरी यूरिया व 21 बोरी डीएपी अवषेष पायी गयी। पीओएस मषीन के द्वारा माह में अब तक 17.05 मी. टन डीएपी और 16.155 मी. टन यूरिया का वितरण पाया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीकान्त प्रकाष त्रिपाठी, जगदीष, हरिकिषुन यादव, केषवराम



यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया 12747 लक्ष्य मी. टन के सापेक्ष 2694 मी. टन, डीएपी 9822 लक्ष्य के सापेक्ष 9486 मी. टन उपलब्ध है। एनपीके 2086 मी. टन लक्ष्य के सापेक्ष 7965 मी. टन उपलब्ध है। एमओपी 511 मी. टन लक्ष्य के सापेक्ष 2072 मी. टन, एसएसपी 5667 मी. टन लक्ष्य के सापेक्ष 24153 मी. टन उपलब्ध है।उन्होने बताया कि जनपद में उर्वरक सभी सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जनपद में उर्वरको रैक लगातार बनी है, साथ ही आज इफ्को की डीएपी मात्रा 760.00 मी. टन जनपद को प्राप्त हो रही है। सभी किसानों से अपील किया जाता है कि वे अपने जोत के अनुसार निर्धारित दर पर उर्वरक प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की कालाबारी या अनियमितता पाये जाने पर तुरन्त सूचना दें। किसी भी प्रकार की समस्या पर मो. नं.-9838274912, 9554646421 पर षिकायत दर्ज करा सकते है नियमों का उलंघन करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।

वेतन की रिपोर्ट लगाने के नाम पर हर माह रिश्वत मांगने का आरोप

हर्रैया(बस्ती)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसरामपुर में वेतन भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है यहां तैनात एक वार्ड आया ने सीएचसी अधीक्षक पर वेतन संबंधी रिपोर्ट लगाने के बदले प्रतिमाह 10 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार रकम देने पर बिना ड्यूटी किए घर बैठे वेतन दिलाने का भी प्रलोभन दिया गया। वार्ड आया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग किया है। शिकायतकर्ता लक्ष्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसरामपुर में वार्ड आया के पद पर कार्यरत हैं। उनका कहना है कि पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार के भरण-पोषण और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बकाया वेतन के संबंध में

◆ वार्ड आया ने सीएमओ से की शिकायत

अधीक्षक से संपर्क करने पर रिपोर्ट लगाने के बदले प्रतिमाह 10 हजार रुपये देने की मांग की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि निर्धारित रकम देने पर उन्हें अस्पताल में ड्यूटी करने आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर बैठे वेतन मिलता रहेगा। लक्ष्मी ने सीएमओ से मामले की निष्पक्ष एवं गोपनीय जांच कराने, आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने और लंबित वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने शिकायत के कारण किसी प्रकार का उत्पीड़न नहीं किए जाने की भी गुहार लगाई है। वार्ड आया ने अस्पताल में बायोमेट्रिक हाजिरी व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी और शोषण की आशंका भी कम होगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. भास्कर यादव ने वार्ड आया द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी के वेतन भुगतान के लिए रिपोर्ट लगा दी गई है।

डीजे संचालकों एवं आयोजकों साथ की गई बैठक

हर्रैया(बस्ती)। आगामी लक्ष्मी पूजा स्थापना, विसर्जन एवं त्यौहारों



को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को थाना परिसर में डीजे संचालकों एवं लक्ष्मी प्रतिमा स्थापकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित आयोजकों एवं डीजे संचालकों को शासन/प्रशासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा एवं निर्धारित समय-सीमा का पालन करने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले अथवा आपत्तिजनक गीत/संगीत न बजाने तथा जुलूस/विसर्जन के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी से आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

जानलेवा हमले का आरोपी तीन सप्ताह बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर

बस्ती। कप्तानगज थाना क्षेत्र के ग्राम तेलिया डीह निवासी व क्षेत्र पंचायत कप्तान गंज के ब्लाक प्रमुख पति भोला कुमार 12 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच महराज गंज नगर रोड से अपने स्कार्पियो कार से कार चालक के साथ अपने घर तेलिया डीह जा रहे थे। जहाँ बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने कार पर अन्धाधुन्ध गोली चलाकर जानलेवा हमला कर दिया। लेकिन किसी प्रकार से प्रमुख पति व चालक बचने में सफल हो गये। इस दुस्साहसिक घटना की जानकारी व तहरीर प्रमुख पति के पुलिस को देने के बाद पुलिस ने दो को नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध धारा 109 (1),3(5) बी.एन.एस.दर्ज तो कर लिया है। लेकिन मामले के आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम रहे हैं। जिससे प्रमुख के परिवारीजन खौफ के साये में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस घटना को अंजाम देने वालों को न सिर्फ बचा रही है बल्कि अपने फर्ज से गद्दारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। इस मामले में थानाध्यक्ष कप्तान गंज ने बताया कि मामले की अभी जाँच/विवेचना चल रही है। शीघ्र ही कार्यवाही होगी।अब सवाल उठता है कि इस बर्बरता पूर्ण घटना के बाबजूद पुलिस का रवैया मामले के गुनहगारों प्रति लचर व ढुलमुल क्यों है ?.कहीं पुलिस पर राजनैतिक दबाव तो नहीं ?. समाज में आशंका तो यह भी है कि मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होना कहीं अन्य घटना का कारण न बन जाए ?.

हनुमत जन्मोत्सव समारोह 7 को

बस्ती। श्री हनुमान मंदिर गांधीनगर में श्री हनुमत जन्मोत्सव समारोह उल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजक पं. रामकिंकर शुक्ल 'गोपाल बाबा' ने बताया कि 5 नवम्बर से 7 नवम्बर तक अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, श्रीमद्भागवत, गीता पाठ, श्री बाल्मीकीय रामायण अर्न्तगत श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं जाप का अनुष्ठान होगा।

योग गुरु जवाहर लाल को किया सम्मानित

बस्ती। राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में चल रही नियमित योग कक्षा में एक प्रेरणादायी और अनूठी पहल देखने को मिली। महिला पतंजलि योग समिति की



योग साधिकाओं ने वर्षभर निष्ठापूर्वक योग साधना कराने वाले योग गुरु जवाहर लाल को साइकिल भेंट कर उनके प्रति अपना अगाध सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। यह उपहार योग और गुरु के प्रति साधिकाओं के समर्पण का अनूठा उदाहरण बना।सम्मान समारोह के दौरान महिला साधिकाओं ने जिले की समस्त माताओं और बहनों से अपील की कि वे योग को अपनी दैनिकचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने संदेश दिया कि नियमित योग से न केवल घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा और सौहार्द का माहौल बना रहता है, बल्कि परिवार के सदस्यों को सामान्य और गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षित रखा जा सकता है।कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सुभाष चन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने उपस्थित साधकों को दैनिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग और प्राणायाम के शारीरिक एवं मानसिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को निरंतर योग करने की सलाह दी।इस गरिमामयी अवसर पर भारत स्वाभिमान समिति के महामंत्री डॉ. नवीन सिंह और योगाचार्य गरुण ध्वज पाण्डेय ने सभी योग साधकों को श्योग बैजश् प्रदान कर सम्मानित किया।समारोह को सफल बनाने में भारत स्वाभिमान समिति के कोषाध्यक्ष नवल किशोर चैधरी, मीरा सिंह, वंदना शुक्ला, सीमा तुलस्यान, फूलमती, शशि यादव, शालिनी श्रीवास्तव, मीना, उषा, अनीता, राधा, पुष्पा सिंह, कामना, योग गुरु जवाहर लाल, सुरेन्द्र शर्मा, राम अचल चैरसिया, दीननाथ शुक्ल, भानु बाबू, डॉ. हसनैन रिजवी, प्रमोद कुमार और राजेन्द्र राय सहित महिला और पुरुष वर्ग के कई प्रतिष्ठित योग साधक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अवसर मिला तो बस्ती के विकास को मिलेगी नई गति- राधेश्याम चौधरी

बस्ती। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं 310 सदर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी राधेश्याम चैधरी ने विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए नई सोच, नए संकल्प और सकारात्मक इरादों के साथ काम करने की जरूरत है।भाजपा नेता राधेश्याम चैधरी ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें 310 बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र से जनता की सेवा करने का अवसर दिया, तो वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। उनका प्रयास होगा कि बस्ती में विकास की रफ्तार तेज हो और क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं एवं जरूरतों को प्राथमिकता मिले।उन्होने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और क्षेत्र के विकास का अवसर है। बस्ती की पहचान विकास, बेहतर सुविधाओं और जनसरोकारों से जुड़े कार्यों के माध्यम से और मजबूत हो, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत रहेंगे।उन्होंने विश्वास जताया कि नई सोच और मजबूत इरादों के साथ सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं साकार की जा सकती हैं। पार्टी नेतृत्व का आशीर्वाद और जनता का सहयोग मिला तो बस्ती के विकास को नई दिशा और नई गति देने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे।

लोकतंत्र समर्थकों ने निर्वाचन आयुक्त को भेजा ज्ञापन

बस्ती। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना में हुई कथित धांधली एवं लोकतांत्रिक जनादेश के साथ खिलवाड़ के विरोध में गुरूवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के आह्वान पर मौन जुलूस निकाला गया और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भेजा गया। शिक्षकों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं लोकतंत्र तथा संविधान में विश्वास रखने वाले नागरिकों ने सहभागिता कर निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की बहाली की मांग उठाई।संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष विजेन्द्र वर्मा, प्रदेश मंत्री ध्रुव नारायण चैधरी एवं मंडलीय महामंत्री अटेवा दीपक सिंह प्रेमी ने संयुक्त रूप से कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय में 27 अक्टूबर को सम्पन्न गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना में जिस तरह की गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, उनसे लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। लगभग 2800 मतों को अवैध घोषित किए जाने, मतपेटियों में मतपत्र लेखा से अधिक मत मिलने, पेपर सील टूटी होने



तथा चैथे चक्र के 1612 मतों में अप्रत्याशित अंतर जैसे मामलों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा महामंत्री डॉ. सत्य प्रकाश मौर्य एवं जिला संयोजक अटेवा तौआब अली ने कहा कि संगठन द्वारा मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने, उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन न रहने वाली स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने तथा संदिग्ध मतपत्रों की फोरेंसिक एवं हस्तलेख विशेषज्ञों से जांच कराने की मांग की गई है। मण्डलीय महामंत्री डॉ. श्रवण गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष अथवा संगठन के राजनीतिक हितों की लड़ाई नहीं है। यह देश के लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिक के मताधिकार की प्रतिष्ठा से जुड़ा सवाल है। उपाध्यक्ष वीरेन्द्र वरुण एवं रमेश वर्मा ने कहा कि विडंबना है कि देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों लोकतंत्र बचाने की बात करते हैं, लेकिन जब लोकतांत्रिक व्यवस्था पर वास्तविक संकट आता है तो सवाल उठता है कि आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए कौन खड़ा होगा ?लोकतंत्र में वोट की ताकत सुरक्षित रहनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश चैधरी, रणविजय सिंह, सुरेंद्र मणि मिश्र, फूलचंद चैधरी राकेश कुमार सिंह, बाबूराम वर्मा, रामभान ,आलोक पटेल, दीप नारायण,वीरेंद्र यादव सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।